2

मृत्यु होने पर ज़्या होता है?

''तब मिट्टी ज्यों की त्यों मिट्टी में मिल जाएगी, और आत्मा परमेश्वर के पास जिस ने उसे दिया लौट जाएगी'' (सभोपदेशक 12:7)।

मनुष्य की मृत्यु होने पर देह, प्राण और आत्मा का क्या होता है? क्या देह की मृत्यु के बाद प्राण और आत्मा का अस्तित्व रहता है? क्या मृत्यु के बाद हमें बोध होता है जिसमें हम जीवित रहते हैं? बाइबल यह तो कहती है कि ''देह आत्मा बिना मरी हुई है'' (याकूब 2:26), पर यह, यह नहीं बताती कि आत्मा देह के बिना मरी हुई है। यीशु ने संकेत दिया कि मृत्यु के बाद भी हम जीवित रहते हैं: ''परन्तु मरे हुओं के जी उठने के विषय में क्या तुम ने यह वचन नहीं पढ़ा जो परमेश्वर ने तुम से कहा कि मैं अब्राहम का परमेश्वर, और इसहाक का परमेश्वर, और याकूब का परमेश्वर हूं? वह तो मरे हुओं का नहीं, परन्तु जीवतों का परमेश्वर है'' (मत्ती 22:31, 32)। यदि परमेश्वर पुरखों का परमेश्वर है और मरे हुओं का नहीं, बल्कि जीवितों का परमेश्वर है तो कुछ अर्थ में बाइबल के ये लोग मृत्यु के बाद भी जीवित थे।

मूसा और एलिय्याह की मृत्यु चाहे बहुत पहले हो चुकी थी, पर रूपान्तर पर्वत पर यीशु के साथ दिखाई दिए थे (मत्ती 17:1-4)। लूका 16:19-30 में यीशु ने अब्राहम, लाज़र और धनी आदमी को भी मृत्यु के बाद जीवित और होश में बताया था। पौलुस तीसरे आकाश में उठा लिए जाने के समय देह से बाहर ही होगा (2 कुरिन्थियों 12:2-4), जिसका अर्थ यह हो सकता है कि हम अपनी देहों के बाहर भी अस्तित्व में हो सकते हैं। पौलुस ने लिखा कि वह ''देह से अलग होकर'' (2 कुरिन्थियों 5:8) रहना पसन्द करता है, जो इस बात का एक संकेत है कि हम अपनी देहों से बाहर होकर जीवित रह सकते हैं।

मृत्यु और शारीरिक देह

मां के पेट में पड़ने पर, परमेश्वर हमारे शरीरों में हमारी आत्माएं डालता है (सभोपदेशक 12:7; जकर्याह 12:1)। शारीरिक देह के साथ आत्मा का मिलन भी देह को जीवन देता है। जब तक प्राण और आत्मा देह में रहते हैं, इसमें जीवन होता है (1 राजा 17:21, 22;

याकूब 2:26)।

मृत्यु से देह का अस्तित्व खत्म नहीं होता, पर उस देह के जीवन का अन्त हो जाता है। बिना मसाले के मृतक देह खराब होने लगती है और अन्त में मिट्टी में मिल जाती है (उत्पत्ति 3:19; सभोपदेशक 12:7)। जीवन से ही देह को इसकी शारीरिक सामर्थ और शारीरिक क्रियाएं मिलती हैं। मृत्यु होने पर इसके सभी शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक कार्य बन्द हो जाते हैं। शारीरिक मृत्यु से हर सुखद और असुखद बात जो देह कर सकती है, बन्द हो जाती है।

''जीवन'' (zoe) का इस्तेमाल :

1. शारीरिक जीवन (प्रेरितों 17:25)
2. जीवन का सही ढंग (लूका 12:15; रोमियों 6:4; 8:6, 10; गलातियों 2:20; 1 पतरस 3:10; 2 पतरस 1:3 भी देखें)
3. आत्मिक जीवन (यूहन्ना 10:10; 1 यूहन्ना 5:12) जो नये जन्म से मिलता है और जिसे मृत्यु द्वारा अप्रभावित होने के कारण अनन्त माना जाता है।
4. भविष्य का जीवन (मत्ती 7:14; 18:8, 9; मरकुस 10:30; यूहन्ना 5:29)
5. यीशु, जीवन का दाता (यूहन्ना 1:4; 14:6)
   का वर्णन करने के लिए किया जाता है।

''मत्यु'' (thanatos) का इस्तेमाल :

1. शारीरिक मत्यु (मत्ती 20:18; लूका 2:26)
2. दुष्टता भरा जीवन (रोमियों 8:6; 1 तीमुथियुस 5:6)
3. पाप में आत्मिक रूप से मरे हुए होना (कुलुस्सियों 2:13) और परमेश्वर से अलग होना (यशायाह 59:1, 2; इफिसियों 2:11-13), जैसे उड़ाऊ पुत्र अपने पिता से अलग होने पर, मरा हुआ मान लिया गया था (लूका 15:24)
4. पाप में आत्मिक रूप से मरे हुए होना, क्योंकि हम पापपूर्ण जीवन के लिए अब जीवित नहीं हैं (रोमियों 6:1-6)
5. दूसरी मृत्यु, जो आग की झील है (प्रकाशितवाक्य 2:11; 20:14)
   के लिए होता है।

फिलिप्पियों 1:20 में शारीरिक जीवन तथा मृत्यु का उल्लेख एक-दूसरे के उलट किया गया है। एक ही समय में हम दोनों नहीं पा सकते। गर्भ में आने के समय, हमें शारीरिक जीवन दिया जाता है। मृत्यु के द्वारा हम इस संसार से बाहर चले जाते हैं।

मृत्यु पाप का परिणाम है (रोमियों 5:12)। शैतान हत्यारा है (यूहन्ना 8:44); हमें

पाप के लिए भरमाकर उसे मृत्यु की सामर्थ मिली है। यीशु मसीह आया ''ताकि मृत्यु के द्वारा उसे जिसे मृत्यु पर शक्ति मिली थी, अर्थात शैतान को निकम्मा कर दे'' (इब्रानियों 2:14; 1 थिस्सलुनीकियों 3:5; 2 तीमुथियुस 2:26 भी देखें)। पाप के द्वारा मृत्यु शैतान का काम है, जबकि धार्मिकता के द्वारा जीवन यीशु के काम का परिणाम है (रोमियों 5:17)।

मृत्यु होने पर प्राण और आत्मा

क्या देह की मृत्यु होने पर प्राण और आत्मा मर जाते हैं? क्या मरने के बाद हम जीवित रहते हैं? यीशु ने कहा, ''जो शरीर को घात करते हैं, पर आत्मा को घात नहीं कर सकते, उनसे मत डरना। पर उसी से डरो, जो आत्मा और शरीर दोनों को नरक में नाश कर सकता है'' (मत्ती 10:28)। यदि कोई शरीर को मार सकता है पर आत्मा को नहीं, तो इसका अर्थ यह हुआ कि शरीर के मरने के बावजूद आत्मा जीवित रहती है। शरीर की मृत्यु का अर्थ आत्मा की मृत्यु नहीं है।

राहेल का प्राण उसके शरीर के साथ नहीं मरा था; बल्कि यह उसकी मृत्यु के समय उसकी देह से अलग हो गया था: ''तब ऐसा हुआ, कि वह मर गई, और प्राण निकलते-निकलते उस ने उस बेटे का नाम बेनोनी रखा: पर उसके पिता ने उसका नाम बिन्यामीन रखा'' (उत्पत्ति 35:18)। मृत्यु होने पर प्राण शरीर को छोड़ जाता है।

विधवा के पुत्र में जीवन वापस लाए जाने पर उसका प्राण लौट आया था। उसका जीवन लौटाने के लिए एलिय्याह ''बालक पर तीन बार पसर गया और यहोवा को पुकारकर कहा, हे मेरे परमेश्वर यहोवा! इस बालक का प्राण इस में फिर डाल दे। एलिय्याह की यह बात यहोवा ने सुन ली, और बालक का प्राण उस में फिर आ गया और वह जी उठा'' (1 राजा 17:21, 22)। मृत्यु होने पर उस बालक का प्राण निकल गया होगा वरना यह दोबारा उसमें कैसे आ सकता था। हमें यह निष्कर्ष निकालना होगा कि मृत्यु होने पर प्राण देह को छोड़ जाता है।

एलिय्याह ने परमेश्वर से उसका ''प्राण'' (1 राजा 19:4) ले लेने के लिए कहा, जिसका बाइबल के कई अंग्रेज़ी संस्करणों में अनुवाद ''जीवन'' हुआ है। पुन: हम देखते हैं कि मृत्यु होने पर प्राण देह को छोड़ देता है।

भजन संहिता 16:8-11 में दाऊद की भविष्यवाणी के पूरा होने में, यीशु की देह नहीं सड़ी और न उसका प्राण अधोलोक में रहा। पिन्तेकुस्त के दिन अपने उपदेश में पतरस ने यीशु के जी उठने को साबित करने के लिए भजन संहिता 16 का इस्तेमाल किया (प्रेरितों 2:29-31)। मृत्यु के समय उसका प्राण उसके शरीर से निकलकर अधोलोक में चला गया था और जी उठने पर वापस आ गया था।

धनी ''मूर्ख'' को बताया गया था, ''इसी रात तेरा प्राण तुझ से ले लिया जाएगा'' (लूका 12:20)। इसका अर्थ यह है कि उसका प्राण ले लिया जाना था, और उसकी मृत्यु हो जानी थी।

इन आयतों से हम निष्कर्ष निकालते हैं कि देह से प्राण अलग हो जाने पर, शरीर की

मृत्यु हो जाती है। देह से निकलकर प्राण मरता नहीं। इसी प्रकार, हमारी आत्माएं भी हमारे शरीरों को छोड़कर उन से अलग जीवित रहती हैं।

यीशु ने मृत्यु के समय, अपनी आत्मा परमेश्वर को यह कहते हुए सौंप दी थी, ''हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं'' (लूका 23:46)। यीशु की देह कुछ समय के लिए क्रूस पर लटकी रही और फिर उसे गाड़ दिया गया, पर उसकी आत्मा परमेश्वर की सम्भाल में निकल चुकी थी।

जीवित रहते हुए, हमें अपने शरीरों की क्षमता के अनुसार इधर-उधर जाने की स्वतन्त्रता है। शरीर में से प्राण और आत्मा निकल जाने पर हम इस प्रकार आ जा नहीं सकेंगे। वे परमेश्वर की सम्भाल पर निर्भर होते हैं। वह उन्हें उनके जी उठने तक अधोलोक में रखता है।

सारांश

''मृत्यु'' और ''जीवन'' ऐसे शब्द हैं, जिन्हें उनके संदर्भों के अनुसार समझना आवश्यक है। मृत्यु के द्वार में से निकलने पर, शरीर में से प्राण और आत्मा निकल जाते हैं और देह विहीन स्थिति में प्रवेश कर जाते हैं।